राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकःएफ.8(परीक्षा केन्द्र)/अकाद/आकाशि/2020/110 दिनांकः 10 मार्च, 2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय
जयपुर एवं अजमेर जिला मुख्यालय।

विषयः– योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2020 एवं प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2020 हेतु शैक्षणिक संस्थाओं में शैक्षणिक अवकाश घोषित किये जाने बाबत।

सन्दर्भ :–संयुक्त सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, जयपुर रोड, अजमेर ने अपने पत्र क्रमांक प.6(8)प.आ.ख/योग व प्रा.चि.अ./2020–21/424 दिनांक 01.03.2021.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2020 का आयोजन दिनांक 10.03.2021 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक अजमेर जिला मुख्यालय पर एवं प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2020 का आयोजन दिनांक 12.03.2021 को सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं ऐच्छिक विषयों के प्रश्न पत्र दिनांक 13.03.2021 व 15.03.2021 से 19.03.2021 तक प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे एवं 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जानी है।

आपके महाविद्यालय में परीक्षा केन्द्र का निर्धारण किया जाता है और परीक्षा तिथि को कार्य दिवस है तो शैक्षणिक कार्य स्थगित रहेगा एवं कार्यालय खुले रहेंगे व प्रशासनिक कार्य यथावत रूप से जारी रहेगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद विभाग) संवीक्षा परीक्षा, 2020 एवं प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा, 2020 हेतु महाविद्यालयों में उक्त दिवसों में शैक्षणिक अवकाश घोषित किया जाकर सफल आयोजन हेतु भौतिक एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराते हुए आपके अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित करेंगे।

भवदीय,

(बी.एल. गोयल)
अति. आयुक्त

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को अपने पत्र क्रमांक प.6(8)प.आ.ख/योग व प्रा.चि.अ./2020–21/424 दिनांक 01.03.2021 के क्रम में सूचनार्थ।
3. वेबसाइट प्रभारी को अपलोड करने हेतु।

10/03/21

संयुक्त निदेशक (अकादमिक)